दिनांक : 28.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार की अच्छी नीतियों और पहलों के कारण देश में कृषि उत्पादन में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रपति आज बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि देश में खाद्यान्न और बागवानी फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि भारत इस दशक के अंत तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य ज़रूर हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10–11 सालों में भारत ने हर क्षेत्र में अपनी नींव मज़बूत की है और यह साल 2026 विकसित भारत की यात्रा के लिए एक बड़ा आधार है।

राष्ट्रपति ने सत्र को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे भारत की सामरिक क्षमता दुनिया के सामने दिखाई दी है। विकसित भारत–जीरामजी योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इससे गांवों में 125 दिनों का गारंटीशुदा रोज़गार मिलेगा। साथ ही, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण के साथ 16वीं विधानसभा के पांचवें सत्र की भी आज से शुरूआत हुई। राज्यपाल ने कहा कि सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए काम कर रही है और अधिकतर चुनावी घोषणाओं को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान के माध्यम से 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए, उनमें से 8 लाख करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर आ चुका है। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में गिवअप योजना, युवा नीति, नई भर्तियों के कलेण्डर, रिफाइनरी के काम सहित अन्य उपलब्धियों का भी जिक्र किया।

राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। आज कार्य सलाहकार समिति–बीएसी की बैठक में बजट सत्र के कामकाज को अंतिम रूप दिया जाएगा। सत्र के दौरान महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय, जयपुर–विधेयक 2025, राजस्थान जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक 2026 और

राजस्थान दुकान तथा वाणिज्य अनुष्ठान संशोधन विधेयक 2026 सदन में रखे जाएंगे। राज्य का बजट 11 फरवरी को पेश किये जाने की संभावना है।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आज सुबह एक विमान हादसे में निधन हो गया। नागर विमानन मंत्रालय ने बताया है कि वी एस आर द्वारा संचालित लेयरजेट–45 वीटी–एसएसके विमान बारामती हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में मौजूद दो पायलट सहित सभी पांच लोगों की मौत हो गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं ने श्री पवार के असामयिक निधन पर गहरा शोक जताया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री अजीत पवार के निधन को अत्यंत दुखद बताया है। इसके साथ ही उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

आदर्श युवा ग्राम सभा के विजेताओं को आज नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा। ये राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित किया जा रहा है। समारोह में देशभर से पंचायती राज प्रतिनिधि, विद्यार्थी और शिक्षक शामिल होंगे। यह कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालयों और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के 28 हजार से अधिक छात्र–छात्राओं की ग्राम सभा गतिविधियों में भागीदारी का जश्न मनाता है।

आज अंतर्राष्ट्रीय डेटा गोपनीयता दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य डिजिटल युग में निजी डेटा और गोपनीयता की सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। इसे डेटा प्रोटेक्शन डे के नाम से भी जाना जाता है। डेटा प्राइवेसी दायित्वपूर्ण डिजिटल शासन का मूल स्तंभ है। डेटा गोपनीयता दिवस, डिजिटल अधिकारों की सुरक्षा में सरकारों, संस्थानों और नागरिकों की सामूहिक ज़िम्मेदारी मज़बूत बनाता है।

...............